सुविचार
ना फिसलो इस उम्मीद में कि कोई तुम्हें उठा लेगा..!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-11 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## पति या पति के रिस्तेदार द्वारा महिला के साथ क्रूरता करना कब अपराध होता है जानिए/BNS-IPC...

पहले महिलाओं को अपनी सुसराल में पति, सास- ससुर, जेठ-जेठानी आदि पति के नाते-रिश्तेदारों की सुनकर रहना और उनकी क्रूरता का शिकार होना अपराध नहीं था एक शादीशुदा महिला की जिंदगी चार दीवारी में कैद हो जाती थी लेकिन समय के साथ सब कुछ बदलता गया और भारतीय कानून में संशोधन कर महिला क्रूरता को अपराध मान कर भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में वर्ष 1983 को एक नया अध्याय 20क एवं एक नई धारा 498क जोड़ी गई जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 84 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 498-क की परिभाषा ??**

जो कोई पति या पति के नाते-रिश्तेदार होते हुए महिला के साथ क्रूरता करेगा तब वह व्यक्ति BNS की धारा 84 एवं IPC की धारा 498 क के अंतर्गत दोषी होगा।

### क्रूरता शब्द से क्या तात्पर्य है जानिए-

1. महिला के स्वास्थ्य जीवन मे संकट उत्पन्न करना
2. महिला को मानसिक प्रताड़ित करना
3. महिला से बार बार दहेज की माँग करना
4. महिला के साथ मारपीट करना
5. महिला को बिना बजह के तंग करना
6. महिला को आत्महत्या करने के लिए उकसा देना

आदि क्रूरता का अपराध होता है।

**नोट** - अगर कोई पति रोज शराब पीकर रात को देर से घर आता है, और पत्नी को शराब के नशे में तंग करता है, बिना शराब के नहीं तब यह क्रूरता का अपराध नहीं होगा

Bharatiya Nyaya Sanhita Section }y or Indian Penal Code Section y~}-·¤ Provision of punishment

यह अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध की एफआईआर दर्ज होती है या एफआईआर दर्ज न होने की स्थिति मे पीड़ित महिला प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) भी दर्ज करवा सकती हैं। इन अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।

**सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। सुशील कुमार शर्मा बनाम भारत संघ मामले मे- सुप्रीम कोर्ट ने अभिकथन किया कि IPC की धारा 498-क का मूल उद्देश्य दहेज की कुप्रथाओं को नष्ट करना है क्योंकि यदि इसकी अनदेखी करते हुए इसे खुला छोड़ दिया तो यह विधिक आतंकवाद का रूप धारण कर लेगा।

पत्नी को मायके छोड़ने की धमकी देना क्रूरता का अपराध ??

### इन्द्रराज मलिक एवं अन्य बनाम श्रीमती सुनीता मलिक वाद-

उक्त वाद में पति के विरुद्ध आरोप था कि वह अपनी पत्नी को बार बार यह धमकी देता रहता था कि यदि उसने अपने माता पिता को संपत्ति बेचने के लिए विवश करके उसकी अनुचित माँगों को पूरा नहीं किया तो उसके पुत्र को उससे छिन कर अलग कर दिया जाएगा न्यायालय ने इसे पत्नी के प्रति क्रूरता का अपराध माना और पति को IPC की धारा 498-क के अंतर्गत दोषी ठहराया।

## मतदान करो और जीतो डायमंड रिंग, बाइक समेत कई आकर्षक इनाम, प्रशासन की अपील पर व्यापारियों ने निकाली स्कीम

**भोपाल।** जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापारियों के साथ मिलकर मतदाताओं को जागरूक करेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मार्केट एसोसिएशन के साथ बैठक हुई। जिसमें जिले के मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने एवं स्वीप गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी प्रतिनिधियों को सात मई को मतदान करने की अपील की गई।

साथ ही उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि सभी अपने-अपने स्तर पर अपने संस्थान के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने, डिस्काउंट कूपन, आफर एवं गिफ्ट्स प्रदान करने का प्रयास करें, जिससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पहले मतदाता को स्पेशल बैज दिया जाएगा। मार्केट एसोसिएशन से विशिष्ट कार्य करने वाली संस्था को 15 अगस्त पर सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक बूथ पर लकी ड्रा के माध्यम से मतदाताओं को इनाम दिए जाएंगे। जिसमें हर बूथ पर तीन इनाम निश्चित निकलेंगे, जिसमें पहला लकी ड्रा 10 बजे होगा, दूसरा लकी ड्रा दोपहर दो बजे और तीसरा शाम छह बजे होगा।





### मतदाताओं को प्रोत्साहित करने व्यापारी देंगे आकर्षक गिफ्ट

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन एवं मध्यप्रदेश चेंबर आफ कामर्स इंडस्ट्रीज से संबंध 92 व्यापारिक संगठन मतदाताओं को प्रोत्साहित करेंगे। सात मई के बाद एक भव्य समारोह में बंपर इनाम का ड्रा निकाला जाएगा। जिसमें लैपटाप, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, माउस, लंच बाक्स, हाट प्लेट, सफारी सूट लेंथ, कैप, टी शर्ट, मोबाइल फ़ोन , मोटर साइकिल, स्कूटी सहित कई बड़े इनाम लकी ड्रा में निकाले जाएंगे।टिंबर मर्चेंट व्यवसाय संघ की ओर से 25 हजार रुपये कीमत की डाइनिंग टेबल एवं कपड़ा व्यापारी संघ बैरागढ़ की तरफ से सफारी सूट तथा डायमंड रिंग की घोषणा की। आइटी इलेक्ट्रानिक मार्केट संघ के अध्यक्ष ललित जैन ने एक हजार माउस तथा एक लैपटाप देने की घोषणा की है। इसी प्रकार लायंस क्लब के द्वारा 25 केंद्र में शरबत पिलाई जाने की घोषणा की है। लायंस क्लब बैरागढ़ के द्वारा 10 हजार पोस्ट तथा दो गैस के चूल्हे स्पांसर किए हैं ।इसके साथ ही राकेश जैन अनुपम अध्यक्ष भोपाल स्वीट एंड नमकीन के द्वारा सात मई को मिष्ठान खरीदने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आर डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा भी बर्तनों पर 10 प्रतिशत की छूट बैरागढ़ में प्राप्त होगी। इसी प्रकार दवा व्यापारी संघ के द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप सात तारीख को मतदान करने पर किया जाएगा।

## पीएम मोदी का राहुल-अखिलेश पर हमला- 'सनातन को गाली देने वाले दो शहजादों की फिल्म की शूटिंग चल रही'

**एजेंसी, अमरोहा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अमरोहा में चुनावी सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधा। कहा- दो शहजादों की फिल्म की शूटिंग चल रही है। इनकी फिल्म को जनता पहले ही रिजेक्ट कर चुकी है। मोदी ने आगे कहा, ये लोग सनातन का अपमान करते हैं। एक शहजादे (राहुल गांधी) ने तो समुद्र के नीचे जाकर मेरे कृष्ण की पूजा करने का मजाक उड़ाया। (लोकसभा चुनाव पहले चरण का मतदान लाइव अपडेट) अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें तो भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है। (मध्य प्रदेश में लोकसभा



चुनाव का पहला चरण लाइव अपडेट) अयोध्या में राम मंदिर बना, तो सपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये लोग आए दिन राम मंदिर और सनातन आस्था को गालियां दे रहे हैं। अभी रामनवमी पर प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक हुआ है। आज जब पूरा देश राममय है।

## हाइवे पर टकराते ही बाइकों में लगी आग, तीन युवक झुलसे

भिंड। टांक-समथर नेशनल हाइवे 552 पर रौन थाना अंतर्गत बायपास पर दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर होते ही बीच सड़क पर दोनों बाइक धू-धूकर जलने लगी। इसी दौरान वहां से गुजर रही फायर बिग्रेड ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। हादसे में दोनों बाइक पर सवार तीन लोग झुलस गए हैं। इलाज के लिए घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां से एक युवक की गंभीर हालत देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया है। घटना गुरुवार शाम 4.30 बजे की है। बताया जाता है, कि जो युवक ग्वालियर रेफर हुआ है वह भिंड से अपने चचेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए उप्र के जिला जालौन के बंगरा में अपने दोस्त के साथ जा रहा था। जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय गोलू यादव पुत्र बबलू यादव निवासी बंगरा थाना माधौगढ़ अपने दोस्त 25 वर्षीय सोनू कटारे पुत्र रामबरन कटारे निवासी वीरेंद्र नगर भिंड के साथ गुरुवार शाम बंगरा जा रहा था। गुरुवार को उससे चचेरी बहन कीर्ति की शादी थी।

## किसी महिला से अपशब्द कहना या बोलना मात्र कब अपराध होगा जानिए/IPC, BNS....

किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार करना या उससे गली गिलोज करना एक अपराध होता है महिलाओं के लिए ऐसे कानून क्यूँ बनाए गए हैं बहुत से आम व्यक्ति इसको जानना चाहते हैं, सरल भाषा में कहें तो इसका प्रमुख कारण यह था कि प्राचीन काल से लेकर मध्यकाल तक महिलाओ की दशा बहुत ही खराब थी उनको पुरुष केवल भोग विलास का साधन मानते थे, भारत में ब्रिटिश काल के बाद महिलाओं की स्थिति में सुधार आया था एवं भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार दिया गया लेकिन इतने कानून बनने के बाद भी आज महिलाओ की स्थिति में सुधार नहीं आया क्योकि आज भी महिलाओं से पुरुषों द्वारा अपशब्द बोले जाते है,जो व्यक्ति महिलाओं से गलत व्यवहार करेगा, उससे अपशब्द बोलेगा, तब कानून में क्या दंड मिलेगा जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 509 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 78 की परिभाषा:** यदि कोई व्यक्ति किसी महिला की लज्जा भंग करने के आशय से उसके सामने अश्लील हरकत करेगा, उससे अश्लील शब्द बोलेगा, उसके सामने अश्लील फोटो, वीडियो दिखाएगा या अश्लील शब्दों द्वारा उसका अनादर करेगा वह व्यक्ति IPC की धारा 509 एवं क्ंव्हर्स की धारा 78 के अंतर्गत दोषी होगा। मोहम्मद कासिम चिस्ती मामले मे एक आरोपी ने महिला को गाड़ी खाड़ी कर के उसके नाम से पुकारा और उसके बारे मे अपशब्द कहे जिससे उसकी लज्जा भंग हो गई, न्यायालय ने आरोपी को IPC की धारा 509 के अंतर्गत दोषी माना।

Bharatiya Nyaya Sanhita Section or Indian Penal Code Section Provision of punishment

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं अतः अगर किसी महिला के साथ ये अपराध होता है तो वह इसकी एफआईआर डायरेक्ट थाने में दर्ज करवा सकती है, इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है अर्थात एफआईआर के बाद इनकी सुनाई न्यायिक मजिस्ट्रेट करेगा या पुलिस पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं करती है तो न्यायिक मजिस्ट्रेट से भी डायरेक्ट इस अपराध की शिकायत की जा सकती है।

**सजा**- इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। यह अपराध शमनीय होते हैं अर्थात न्यायालय की आज्ञा से इस अपराध में आरोपी पीड़ित व्यक्ति से समझोता कर सकता है।

### भोपाल में नामिनेशन का आज अंतिम दिन

## कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव रैली लेकर नामांकन जमा करने निकले

**भोपाल।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र भोपाल में नामांकन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन है। उम्मीदवारों के पास नामांकन जमा करने के लिए दोपहर तीन बजे तक का समय है। नामांकन के आखिरी दिन कांग्रेस उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव भवानी चौक से कलेक्ट्रेट तक रैली लेकर आ रहे हैं। इससे पहले सुबह करीब साढ़े दस बजे वह सोमवारा स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। रैली में उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, लोकसभा प्रभारी महेंद्र जोशी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा,



विधायक आरिफ मसूद, विधायक आतिफ अकील सहित कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। वह यहां कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष एक बार फिर से अपना नामांकन जमा करेंगे। इससे पहले वह नवरात्र में एक डमी नामांकन जमा कर चुके हैं। इस चुनाव में उनका मुख्य मुकाबला भोपाल के पूर्व महापौर एवं भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा से है, जिन्होंने कल यानी गुरुवार को अपना नामांकन जमा किया था।

# वनवासी कल्याण परिषद जिला रायसेन जनजागरण बैठक हुई संपन्न






**रायसेन।** वनवासी कल्याण परिषद जिला रायसेन जनजागरण बैठक दिनांक 12/04/2024 स्थान राम लीला मैदान सरस्वती शिशु मंदिर रायसेन में संपन्न हुई। जिसमें प्रान्त के महामंत्री योगीराज जी परते एवं प्रांत के संगठन मंत्री तिलक राज जी दांगी के द्वारा बैठक संपन्न की गई। जिसमें जिले के जिला संगठन मंत्री कमल सिंह जी भूरिया ओर जिला सचिव बृजेश जी राय, जिला महिला प्रमुख दीदी कावेरी जी राठौर, जिला महिला सह प्रमुख दीदी सोनी जी भूरिया तथा जिले के जिला मिडिया प्रमुख हेमंत शाक्या जी और विकास खंड के दायित्ववान कार्यकर्ता सभी की उपस्तिथि में जनजागरण विकास खंड बैठकें एवं ग्राम बैठकें ओर 18 वर्ष आयु पूर्ण होने पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाना एवं जनजागरुकता अभियान के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करना। मतदान केंद्र पर राष्ट्र हित में अधिक से अधिक शत प्रतिशत मतदान करवाना। बैठक में उपस्तिथि पुरुष वर्ग 20 एवं महिला वर्ग 5, कुल मिलाकर दोनों वर्गों की संख्या योग 25 रही।

# अब से बोर्नवीटा को हेल्थ ड्रिंक बताकर नहीं बेचा जा सकेगा सरकार के निर्देश हटाये जाएं ऐसे विज्ञापन

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

बचपन में आपने बोर्नवीटा वाला दूध खूब पिया होगा या बच्चो को ज़रूर पिलाया होगा लेकिन अब रुक जाइये और बोर्नवीटा वाला दूध स्वास्थ्य वर्धक पेय समझकर मत पीजिये ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार ने बोर्नवीटा को स्वास्थ वर्धक पेय की सूची से बाहर कर दिया है जी हाँ बिल्कुल सही पढ़ा आपने दरसल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य संरक्षण हृष्टाक्क ने ये माना है हेल्थ ड्रिंक की कोई परिभाषा तय नहीं की गई है। इसके अलावा किसी भी ड्रिंक को हेल्थ ड्रिंक के नाम पर नहीं विक्रय किया जाना चाहिए fssai फूड सेफ्टी एण्ड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने कहा है कि ऐसे ग़लत शब्द ग्राहकों को गुमराह कर सकते हैं। इसलिए सभी वेबसाइट से ऐसे सभी विज्ञापनों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अगर आपके परिवार में भी कोई बोर्नवीटा वाला दूध ये सोचकर पीता है की वो उसके स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त है तो आप सावधान हो जाइये।




# शत प्रतिशत मतदान हेतु शिक्षक द्वारा चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

## पीले चावल बाँटकर आम नागरिकों को मतदान करने हेतु किया जा रहा है प्रेरित




**प्रदेश प्रमुख पत्रकार हेमंत शाक्या**

सुल्तानपुर। वर्तमान लोकसभा चुनाव  में  शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्राथमिक शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा आम नागरिकों को  मतदान के प्रति जागरुक करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । शिक्षक द्वारा स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र / छात्राएँ जो पहली बार मतदान करेंगे उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है ।एवं घर -घर जाकर आम नागरिकों को पीले चावल बाँटकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है । जिससे अधिक से अधिक मतदान हो सके एवं आम नागरिक मतदान की प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभा सकें । शिक्षक का कहना है कि लोकतंत्र के  इस महापर्व में हम सबको अपनी जिम्मेदारी निभाना है एवं  बिना किसी लोभ ,लालच के मतदान करने अवश्य जाना है ।उल्लेखनीय है कि विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 7 मई 2024 को मतदान होना है जिस हेतु  आम नागरिकों को मतदान करने के लिए जागरूक करना बहुत आवश्यक है ।


## शुद्ध देशी किचन सामग्री









- द रस्टिक पियोर किचन मैटेरियल्स
- सेहत की ख़बर भी और परख भी
- हाथ से बनी शुद्ध रोजमर्रा की अति आवश्यक सामग्री आटा, चावल, दाल, बेसन, हल्दी, धनिया, मसाले और भी अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।
- द रस्टिक किचन द्वारा बनाई गई सामग्री पूरी तरह से शुद्धता के साथ गांव में तैयार की जाती हैं  एक अवश्य उपयोग करें।
- द रस्टिक किचन की सामग्री मंगवाने के लिए कांटेक्ट करें 9098975311






# संकुल प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ

## तिलक लगाकर एवं रंगोली बनाकर हुआ देश के नौनिहालों का स्वागत

**संभागीय ब्यूरो चीफ-हेमंत शाक्या**

**शिक्षक ने बाँटे बिस्कुट**

सुल्तानपुर। मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 1 अप्रैल 2024 को एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय  सुल्तानपुर के प्राथमिक विभाग में नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्री मती आर .एस.कुमार एवं शाला प्रभारी सुशील शर्मा द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।शाला को रंगोली एवं वंदनवार से सजाया गया ।  हर बच्चा स्कूल चले,कोई बच्चा छूटे ना ,शाला में शत प्रतिशत नामांकन हो इस हेतु शिक्षक द्वारा प्रयास किए जा रहे । संकुल प्राचार्य एवं शिक्षक द्वारा सभी बच्चों को बिस्कुट एवं टाफियाँ बाँटी गई ।एवं सभी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।इस अवसर पर पालकगण उपस्थित रहे ।प्रधानमंत्री पोषण आहार के अंतर्गत सभी बच्चों को खीर, पूड़ी ,सब्जी का विशेष भोजन कराया गया ।




# जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नवाचारों के माध्यम मतदाताओं को जागरूक करने हर संभव प्रयास

**भोपाल।** रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारी संघ ने नागरिकों से की मतदान की अपील आगामी लोकसभा निर्वाचन - 2024 में अधिक से अधिक लोगों तक मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से नागरिकों से अपील की जा रही है। चाहे स्वच्छता वाहनों के माध्यम से मतदान करने की अपील हो अथवा गैस सिलेण्डरों पर मतदाता जागरूकता के संदेश चस्पा कर मतदाताओं को जागरूक करना हो। मतदाता जागरूकता आधारित प्रश्नोत्तरी फोन लगाओं, ईनाम पाओ प्रतियोगिता में भी शहर के युवा भाग ले रहे है। इसी अनुक्रम में गोविन्दपुरा औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारी संघ ने शहर के विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स लगाकर नागरिकों से मतदान की अपील की है। व्यापारी संघ ने अपने अधीनस्थ संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को भी मतदान दिवस के दिन मतदान करने हेतु सवैतनिक अवकाश दिये जाने हेतु कहा है।






# चीचली शहीद नगरी में विशाल डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह, चल यात्रा का भव्य आयोजन पनागर तक जायेंगे होगें शहीद पौता मूलचन्द मेधोनिया शामिल

**चीचली।** जिला नरसिंहपुर की शहीद नगरी एवं पीतल की नगरी के नाम से मशहूर चीचली में बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती समारोह भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है, जिसकी तैयारी वहां के आयोजकों में श्री विनोद मांडले, श्री कौशल प्रसाद अहिरवार, श्री रामजी ठेकेदार एवं श्री चन्द्रभान खेमरे इत्यादि साथियों ने बड़े स्तर पर आयोजन की तैयारी की है, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती समारोह चीचली के डॉ. अम्बेडकर भवन पर मनाई जायेगी जहां पर सभी डॉ. अम्बेडकर जी के अनुयायी जन एकत्रित होकर बाबा साहेब जी को नमन करेंगे और समाज में जन्में महापुरुषों को नमन करेंगे तथा चीचली के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वहां पर उनके जन्म स्थान पर विशाल स्मारक, मूर्ति और पार्क की मांग का प्रस्ताव रखा जाने के बाद वहां से विशाल शोभा यात्रा व चल समारोह निकाला जायेगा, बाबा साहेब जी की जयंती का भव्य चल समारोह नगर में भ्रमण करते हुए विभिन्न गांव से होते हुए यह विशाल जन यात्रा पनागर में आयोजित डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह में शामिल होगा जो की समता, एकता और भाईचारा का संदेश देते हुए जायेगा




और चीचली नगर में सन् 1942 के महान क्रांतिकारी वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी जिन्होंने देश की आजादी में योगदान देते हुए चीचली नगर के राजमहल की रक्षा करते हुए अंग्रेजी सेना से युद्ध लड़ा व अंग्रेजी सेना को गांव से खदेड़ कर विजय श्री प्राप्त कर गांव का और समाज का नाम रोशन किया, तथा अंग्रेजों की गुलामी/बेगारी प्रथा का प्रबल विरोध कर समूची अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग का स्वाभिमान कायम कर मात्र भूमि के लिए आजादी के आंदोलन में कुरबानी दी है ऐसे महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शहीद को आज तक की सरकार ने उनका आदर व सम्मान नही दिया है, जिसकी मांग नगर की अनुसूचित जाति और प्रदेश भर की अनुसूचित जाति और जनजाति के द्वारा पुरजोर से मांग की जा रही है कि हमारे समाज के महापुरुषों ने भी देश की आजादी में योगदान दिया है उन्हें भी सम्मान दिया जाना चाहिए, उपरोक्त मांग सहित नगर चीचली के उत्साहित युवाओं के द्वारा डॉ. अम्बेडकर जयंती का भव्य व विशाल आयोजन किया है,




नीलेश चौधरी थलवाड़ा और उनके साथियों की डॉ. अम्बेडकर जयंती को लेकर बड़ी और शानदार व्यवस्था की है जिसमें गांग ई, सुदरास, सूखाखैरी, हीरापुर, इत्यादि गांव के सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ. अम्बेडकर जी के अनुयायी जनों की धूमधाम से तैयारी की गई है, इस आयोजन में अहिरवार समाज, वंशकार समाज, बाल्मीकि समाज के नागरिकों की बड़ी मात्रा में योगदान रहेगा, इस आयोजन में शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत् एवं वरिष्ठ पत्रकार मूलचन्द मेधोनिया समूचे कार्यक्रम में शामिल होगें, जो की अपने महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी को नमन करते हुए डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह व चल समारोह के साथ पनागर गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में विशाल डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह में सम्मेलित रहेगे, पनागर के आयोजकों ने भी अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के पौता को मुख्य रूप से आमंत्रित कर बताया है कि यहां के आयोजन के माध्यम से भी आवाज उठाई जायेगी की हमारी समाज में जन्म महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीद को सम्मान न देना अभी तक की सरकारों ने गलत किया है और हमारे महापुरुषों की अनदेखी की है, नगर और शहरों के बाद अब समूचे प्रदेश भर से मांग की जा रही है कि हमारे सभी महापुरुषों को भी सम्मान मिलना चाहिए और उनके योगदान की यादगार में न सिर्फ उनके जन्म स्थान अपितु हर जगह पर उनकी मूर्ति व प्रतिभा और पार्क बनवाये जाना चाहिए।

# चीचली में डॉ. अम्बेडकर जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई




**चीचली, जिला नरसिंहपुर**

अहिरवार समाज संघ भारत, संत रविदास सेवा समिति नरसिंहपुर, सामाजिक युवा परिवर्तन संगठन एक मंच के तत्वाधान में विशाल अंबेडकर जयंती नगर के चीचली में डीजे बाजे, के साथ 14 अप्रैल 2024



रविवार को मनाई गई. नगर परिषद चीचली के अध्यक्ष श्री बबलू सिंघानिया के द्वारा सभी भीम अनुयायी जनों का नीला तिलक लगा कर स्वागत किया. जिसमें हजारों हजारों की संख्या समस्त नरसिंहपुर जिले का उमड़ा जन शैलाव नगर चीचली के मुख्य मार्ग से होते हुए चल समारोह अंबेडकर भवन पहुंचा अंबेडकर भवन में मंचीय कार्यक्रम 12:00 बजे से समय दोपहर 3:00 तक चला जिसमें जिले के अतिथियों में

## मुख्य अतिथि-

सम्मनीय महेश प्रसाद चौधरी रिटा.ष्ठद्धत्त, सम्माननीय श्री प्रेमनारायण अहिरवार संभागीय अध्यक्ष जबलपुर

**कार्यक्रम की अध्यक्षता-** श्री एम. आर. चौधरी जी विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अ. स. स. नरसिंहपुर

**विशिष्ट अतिथि** - सम्माननीय श्री आरपी चौधरी, सेवानिवृत्ति ज्ञद्ध एवं संत रविदास सेवा समिति जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर सम्मानीय श्री ओ.पी.कौशिक जी सेवानिवृत्त ष्ठस्नह् एवं संरक्षक संत रविदास सेवा समिति नरसिंहपुर कार्यक्रम संयोजक सम्मानीय श्री श्याम सिंह चौहान( उद्यमी ) शिवम बायोटेक गाडरवारा सम्माननीय श्री विनोद कुमार मांडले संरक्षक अ. स. स. नरसिंहपुर एवं संत रविदास सेवा समिति जिला उपाध्यक्ष नरसिंहपुर

**विशेष अतिथि** - सम्माननीय श्री हीरालाल जी अहिरवार जिला अध्यक्ष अ. स. स.नरसिंहपुर श्री योगेंद्र जाटव जी समाजसेवी तेंदूखेड़ा श्री राजा जाटव जी समाजसेवी तेंदूखेड़ा श्री प्रीतम अहिरवार कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नरसिंहपुर सम्मानित श्री प्रदीप अहिरवार संभागीय सचिव अ. स. स.जबलपुर सम्माननीय श्री रामेश्वर खेमरिया संचालक युवराज इंडस्ट्रीज गाडरवारा सम्माननीय श्री टीकाराम पटेल समाजसेवी गाडरवारा सम्मनीय मुकेश चौधरी जी लेखक साहित्यकार करेली सम्मानीय श्री सतीश जाटव जी करेली सम्मानीय श्री कृष्णकांत भंडारी युवा समाज सेवी आमगांव बड़ा


**कार्यक्रम का संचालन** - श्री कौशल प्रसाद अहिरवार वरिष्ठ समाजसेवी चीचली ने किया.



# श्रीरामलला के मस्तक का हुआ दिव्य सूर्यतिलक अभिषेक लाखों भक्त पहुँचे अयोध्या लोगों को जानना चाहिए सूर्यतिलक आखिर है क्या

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**







रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने के बाद अयोध्या में रामनवमी का पर्व 17 अप्रैल को मनाया गया । इसके लिए रामलला के मंदिर में कई अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गयी। दूध से रामलला का अभिषेक किया गया इसके साथ ही रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक का भी अनोखा आयोजन किया गया मंदिर में श्रीराम ट्रस्ट ने भक्तों की संख्या को देखते हुए 7 पंक्तियों में दर्शन कराने का निर्णय लिया था। मंदिर को तीन दिन 16, 17, 18 अप्रैल को 20 घंटे खोलने का निर्णय लिया गया। रामनवमी पर लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे । रामनवमी को अयोध्या में राम मंदिर के पुजारियों ने वैज्ञानिक तकनीक के द्वारा भक्तों की मौजूदगी मे सूर्य तिलक का सफल आयोजन किया । जिसमें 17 अप्रैल को मनाए गये रामनवमी त्योहार पर सूर्य की किरणें रामलला की मूर्ति के माथे पर प्रतीकात्मक रूप से अंकित हुई। राम नवमी के दिन सूर्य की रोशनी मंदिर के तीसरे तल पर लगे पहले दर्पण पर गिरी यहां से परावर्तित होकर पीतल की पाइप में प्रवेश करते हुए पीतल के पाइप में लंबवत जाते हुए ये किरणें तीन अलग-अलग लेंस से गुजर कर पीतल की पाइप में लगे दूसरे दर्पण से टकराकर 90 डिग्री पर पुनः परावर्तित होकर लंबवत पाइप के दूसरे सिरे पर लगे दर्पण से टकराकर किरणें पुनः 90 डिग्री पर परावर्तित होकर क्षैतिज रेखा में चली । किरणें तीन लेंस से गुजरने के बाद लंबवत पाइप के गर्भगृह वाले सिरे पर लगे दर्पण से टकरा कर गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराने के बाद सूर्य किरणों ने सीधे रामलला के मस्तक पर 75 मिमी का गोलाकार सूर्य तिलक लगाया ।

दोपहर 12 बजे किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ी। इन विशेष दर्पणों का उपयोग करके आयोजित किया जाने वाले सूर्य तिलक प्रोजेक्ट के अंतर्गत राम मंदिर की दूसरी मंजिल से लेकर गर्भगृह में स्थापित रामलला की प्रतिमा तक पाइप और आप्टो-मैकेनिकल सिस्टम लेंस, मिरर, रिफ्लेक्टर आदि से सूर्य की किरणों को पहुंचाया गया । इसके लिए उच्च गुणवत्ता के चार शीशे व चार लेंस का प्रयोग किया गया। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला का अद्भुत सूर्य तिलक चैत्र नवरात्र की रामनवमी के अवसर पर ठीक 12 बजे सूर्य से किया गया । भक्तों ने इस भव्य और मनोरम दृश्य के दर्शन क़रीब 4 मिनट तक किये। राम मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव के अनुसार राम नवमी की तारीख चंद्र कैलेंडर से निर्धारित होती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शुभ अभिषेक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हो, 19 गियर की विशेष व्यवस्था की गई थी। गियर-बेस्ड सूर्य तिलक मैकेनिज्म में बिजली, बैटरी या लोहे का उपयोग नहीं किया गया था।

# संकुल प्राचार्य के मार्गदर्शन में शिक्षक द्वारा कराई जा रही हैं रेडिनेश कार्यक्रम की गतिविधियाँ

## • चिड़िया फुर्र ,पोशांपा ,कैरम बोर्ड जैसे खेलों से कराई जा रही है बच्चों की पढ़ाई


**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**



**सुल्तानपुर।** निपुण भारत अभियान के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के बच्चे बुनियादी साक्षरता एवं अंकीय दक्षता हासिल कर सकें। इस हेतु एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर संकुल प्राचार्य श्रीमती आर एस कुमार के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा बच्चों को चिड़िया उड़ , पोशांपा एवं कैरम बोर्ड जैसे खेल खिलाये जा रहे हैं । इसके पीछे मकसद बच्चों को विभिन्न एक्टिविटीज में शामिल करना है। कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए रेडीनेस कार्यक्रम तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत विभिन्न नवाचारी गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिससे बच्चे खेल-खेल में दक्षता हासिल कर सकें। नवाचारों के माध्यम से बच्चों में रोचकता आती है एवं आसानी से समझ भी लेते है । प्रयास पुस्तकों पर भी अभ्यास कार्य करवाया जा रहा है जिससे बच्चे दक्षता हासिल कर सकें ।

# जल पखवाड़ा के अंतर्गत कराई जा रही है विभिन्न गतिविधियाँ

**जल बचाओ जीवन बचाओ पर आधारित नवाचार करते हुए बच्चे**







**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**

सुल्तानपुर। एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुल्तानपुर में संकुल प्राचार्य श्रीमती आर एस कुमार के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा जल पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के द्वारा जल बचाओ से संबंधित नारे ,गीत एवं लघु नाटिका , चित्रों के माध्यम से नवाचार किए जा रहे है । शिक्षक द्वारा जल संरक्षण करना ,एवं जल को फालतु बर्बाद होने से बचाना ,एवं जल का सदुपयोग करना एवं जल के महत्व को बताया जा रहा है । यदि हम जल का संरक्षण नही करेंगे तो आने वाले समय में जल की भीषणता को समझ सकते है ।

क्योंकि यह प्राकृतिक संसाधन है इसका दुरुपयोग मनुष्य समाज के लिए हानिकारक हो सकता है । इसलिए हमें जल को बचाकर रखना है क्योंकि जल के बिना जीवन व्यर्थ है मनुष्य पेड़ पौधे ,पशु, पक्षी एवं फसलों के लिए जल की बहुत आवश्यकता है यदि जल नहीं मिलेगा तो सभी को नष्ट होने में देर नही लगेगी । इसलिए हमें जल का संरक्षण करना बहुत जरूरी है एवं इसकी बर्बादी को रोकना भी उतना ही जरूरी है । हम सभी का दायित्व है कि हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग ना करें एवं उनका संरक्षण एवं उनकी सुरक्षा जरूर करें। शिक्षक द्वारा आम नागरिकों को भी जल बचाओ जीवन बचाओ ,एवं जल का संरक्षण करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# मतदान जागरूकता हेतु मतदाता को जागरुक किया जा रहा हैं, जिससे शत प्रतिशत सही मतदान हों: वनवासी कल्याण परिषद्।



**सम्भागीय ब्यूरो चीफ प्रमुख पत्रकार**
हेमंत शाक्या संपर्क

बराह कलां में लोकमत परिष्कार के लिए जनसंपर्क किया गया। ज्वारे विसर्जनजन करते समय। मां रेवा नर्मदा क्षेत्र सीताराम आश्रम में ग्रामीण जनो के साथ जनसंपर्क की बैठक हुई संपन्न । अलीगंज नर्मदा घाट पर व्यवसायी वर्ग से जनसंपर्क की बैठक हुई संपन्न। बच्चें के मुंडन हेतु बाहर से आए भक्त जनों से संपर्क किया। नर्मदा घाट पर आए भक्त जनों से संपर्क करते हुए। नर्मदापुरम जिले ओर रायसेन जिले की सीमा के अंतर्गत लोकमत परिष्कार के लिए जन संपर्क करते हुए। ग्राम पंचायत बराह में ग्रामवासियो से जनसंपर्क एवं लोकमत परिष्कार की बैठक हुई संपन्न।जय हिंद जय भारत । ग्राम पंचायत उड़दमऊ में लोकमत परिष्कार की बैठक हुई संपन्न। वनवासी कल्याण परिषद्। ग्राम पंचायत घाना बहेड़िया में जन संपर्क एवं बैठक संपन्न। ग्राम पंचायत लामटा में किया जन संपर्क एवं बैठक हुई संपन्न। ग्राम पंचायत छातेर पिपरिया में किया जनसंपर्क एवं लोकमत परिष्कार की बैठक हुई संपन्न। ग्राम पंचायत केतुघान में किया जनसंपर्क एवं लोकमत परिष्कार की बैठक हुई संपन्न। शहरी क्षेत्र उदयपुरा में किया जनसंपर्क एवं लोकमत परिष्कार की बैठक की संपन्न।



# लोकसभा मतदान में जन संपर्क के माध्यम से मतदाता जागरूकता का कार्य किया जा रहा हैं जिससे से संपूर्ण भारत में शत प्रतिशत मतदान हो सके।

**संभाग प्रभारी पत्रकार**
**हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र**

आगामी लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत विदिशा लोकसभा के समकक्ष मतदान केंद्र शासकीय माध्यमिक विद्यालय उड़दमऊ में गुरूवार को सफाई कर्मियों के माध्यम से साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ की गई तथा विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भी स्वयं से साफ सफाई कार्य में सहयोग किया गया।



# नगर परिषद देवरी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती, सैकड़ो लोग हुए शामिल।







**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

देवरी। अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम किसी विशेष क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह कार्यक्रम भारत के कोने-कोने और छोटे क्षेत्र में भी धूमधाम से मनाया जाता है। क्योंकि आधुनिक भारत में एक ऐसे मानव का जन्म हुआ जिसने दलित, वंचितों की दिशा और दशा बदल दी। और किसी विशेष वर्ग की ही क्यों कहें बल्कि पूरे भारत की दशा बदल दी एक किताब लिखकर जिसको संविधान के नाम से जाना जाता है। यह मात्र किताब नहीं बल्कि भारत में समानता को एकता को एकता के सूत्र में बांधने वाली किताब है, जिसको आज पूरा भारत किसी धर्म ग्रंथ की तरह पूजता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर परिषद देवरी में परम पूज्य भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो कि नगर के मुख्य मार्गो से निकलते हुए डीजे बजे के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए। इसके पश्चात मंच कार्यक्रम रखा गया जिसमें आए हुए मुख्य अतिथियों ने अपने विचार प्रकट किया मुख्य रूप से समाज पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ लगाम लगाने के लिए मंच से बात रखी गई। दलित और वंचितों को किस प्रकार से अंधविश्वास और पाखंडवाद से दूर रहना चाहिए इसकी समझाएं दी गई। कार्यक्रम के आयोजक गोटीराम बघेल, दिनेश बघेल और कार्यक्रम का सफल संचालन रमन वामने जी ने किया। मुख्य अतिथियों में अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश अहिरवार जी महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता गोलिया, श्री हेमंत नरवरिया जी राष्ट्रीय संयोजक अनुसूचित जाति विभाग, नगर परिषद देवरी अध्यक्ष अध्यक्ष श्री रविंद्र रघुवंशी और पूर्व विधायक श्री देवेंद्र पटेल और तमाम सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## देखकर मणिपुर का मंजर।
## चल रहा मानवता पर खंजर।

मणिपुर का मंजर
हैवानियत की सीमा को
 क्यो पार कर रहे हैं।
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हैं ।

1
निष्प्राण मुर्तियों को  तुम ही
 देवी मानकर पुजते है।
सजीव नारी चेतन मय को
जिंदा आग में भुंजते हो ,
बहिन कहा था कभी ,उसी का
बलात्कार  कर रहे हो ?
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।

2
अपनी मुंछो का रौब दिखाते
मर्द बने विचारते हो,
कायर हो दस-दस मिलकर
नारी का मान हरते हो ,
खुद की जननी अपनी मां का
अपमान कर रहे हो
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।

3
 नामर्दों शैतानों सुन लो
ये सभ्य समाज की पहचान नहीं
 विश्व गुरु इस भारत भारत देश की
ये फितरत ये विधान नहीं
देशद्रोही, आतंकी हो तुम
दिल पर वार कर रहे हो ।
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।

4
देख तुम्हारे कृत्य भयावह
दुनिया तुम पर थूक रही है।
बहती थी जहां प्रेम की धारा
वो नदियां सब सूख रही है।
नाज कभी था अब खत्म वही
संस्कार कर रहे हो ।
मणिपुर में मानवता को
शर्मसार कर रहे हो ।
हैवानियत की सीमा को
क्यो पार कर रहे हैं।

5
संभलो -सुधरो मेरे भाइयों
अन्यायो से दूर रहो।
त्यागकर दुष्कर्मों को सत्कर्मों
मे सब चुर रहो।
वैश्विक अहिंसा की सोच का
इंतजार कर रहे हैं।
अब ना होगी कोई भी हिंसा
ये इकरार कर रहे हैं।
अब ना होगी कोई भी हिंसा
ये इकरार कर रहे हैं।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**




**ये आसमां ये जमी ये समंदर भी सलाम करते हैं ये हंसी बहारों के मंजर भी सलाम करते हैं  बाबा साहेब का जिक्र नहीं कहीं तक सीमित आपको इस दुनिया के सिकंदर भी सलाम करते हैं । जिनकी तुलना सुर्य से होती हो उन प्रज्ञा सूर्य के बारे में क्या लिखू बौधिसत्व,विश्वरत्न ,शिल्पकार,महाज्ञानी,महामानव ,युगपुरुष ,इतिहासका,साहित्यकार, अर्थशास्त्री,महान समाज सुधारक , महान अर्थशास्त्री, महान कानूनविद् भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डां बी आर अम्बेडकर जी के चरणों में कोटी कोटी नमन  व सभी देशवासियों को जयंती महोत्सव की हार्दिक हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ ।**

# पेसा मोबिलाइजर द्वारा मतदाताओं को किया गया जागरूक




**शहडोल/जयसिंह नगर -** जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरुण भटनागर और जनपद पंचायत जयसिंहनगर के सीईओ श्री अशोक मरावी के मार्ग दर्शन और निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जिले में दिव्यांग, युवा, महिलाओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं के घर-घर जाकर 19 अप्रैल को मतदान के लिए पीला चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है. इस कड़ी में शहडोल जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरूई बड़ी में



पेसा मोबिलाइज नीतू सिंह गोड़ ने पीले चावल देकर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से मतदान करने के लिए प्रेरित किया. साथ ही 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की गई।

# बालाघाट में 84 साल की महिला ने तीन पीढ़ियों के साथ मतदान किया



मध्य प्रदेश में पहले चरण की छह लोकसभा सीटों सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट, जबलपुर और छिंदवाड़ा के लिए आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया। बालाघाट के नक्सल प्रभावित बैहर, लांजी और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्रों में दो घंटे पहले चार बजे मतदान समाप्त हो जाएगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया है। पहले चरण में 1.13 करोड़ मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनेंगे।

# शिवराज सिंह आज भरेंगे नामांकन, पूजा-अर्चना कर घर से निकले, पत्नी साधना ने किया तिलक

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में शामिल प्रदेश की भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, बैतूल और राजगढ़ लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विदिशा-रायसेन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान आज अपना नामांकन दाखिल करने जा रहे हैं। प्रातः 11.30 बजे रायसेन में विशाल जनसभा को संबोधित करने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगे। वे रायसेन में सभा के पश्चात रोड शो भी करेंगे। रोड-शो में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव भी शिवराज के साथ शामिल होंगे।



# भाजपा में शामिल हुए विक्रम अहके का यू-टर्न, नकुल नाथ के समर्थन में मतदान की अपील की



## विक्रम अहके ने नकुल नाथ के पक्ष में वोट डालने की अपील की

**छिंदवाड़ा।** दो हफ्ते पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए विक्रम अहके ने यू टर्न ले लिया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर नकुल नाथ को वोट देने की अपील की है। इस दौरान विक्रम ने कहा कि मैं जब से भाजपा में गया घुटन महसूस कर रहा था। अब आगे मेरे साथ क्या होगा ये पता नही लेकिन अब। में उस नेता को नहीं छोड़ सकता जिन्होंने छिंदवाड़ा का विकास किया।

### क्या बोले अहके?

आज मैं बिना किसी दबाव केअपनी महत्वपूर्ण बात रखने जा रहा हूं। कुछ दिन पूर्व मैंने किसी राजनीतिक दल को ज्वाइन किया था, लेकिन जब से मैंने ज्वाइन किया, मेरे अंदर एक घुटन महसूस हो रही थी। मुझे लग रहा था विक्रम तुम गलत कर रहे हो, तुम उस इंसान के साथ गलत कर रहे हो जिसने छिंदवाड़ा का विकास किया, छिंदवाड़ा के लोगों की दुख-दर्द में मदद की और हमेशा करते आए हैं, चाहे शिक्षा की बात हो, चाहे इलाज की बात हो चाहे विकास कार्यों की बात हो। साथियों जीवन में राजनीति करने के अवसर बहुत आएंगे, भविष्य में मेरे साथ क्या होगा मुझे अंदाजा नहीं है। क्योंकि मुझे भी उन्होंने कहां से कहां पहुंचाने का काम किया। छिंदवाड़ा का काम किया। आगे मेरे साथ क्या होगा मुझे पता नहीं।

**मोहन यादव की मौजूदगी में भाजपा में हुए थे शामिल:** गौरतलब है कि एक अप्रैल को महापौर विक्रम अहके कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली थी। विक्रम कमल नाथ के खास माने जाते थे। ऐसे में उनका लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ना कमल नाथ के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था।

# छत्तीसगढ़ के बस्तर में 11 बजे तक 28.12 प्रतिशत मतदान, पोलिंग बूथों पर लगी लंबी कतारें



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए बस्तर सीट पर सुबह सात बजे से मतदान जारी है। यहां नक्सल प्रभावित कुछ मतदान केंद्रों पर दोपहर तीन बजे तक वोटिंग होगी, जबकि बस्तर के 85 और जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 86 केंद्रों पर मतदान शाम पांच बजे समाप्त होगा। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप, कांग्रेस के प्रत्याशी कवासी लखमा समेत 11 अभ्यर्थी मैदान में हैं। इनमें तीन मान्यता प्राप्त दल, छह रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी और दो निर्दलीय शामिल हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इस बार सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों की बीच होगी। पिछले लोकसभा चुनाव में बस्?तर सीट पर कांग्रेस के दीपक बैज ने जीती थी। वोटिंग के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा, जिसके बाद चार जून को होने वाली मतगणना का इंतजार रहेगा।

# कंबोडियाई नववर्ष की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 37 की मौत




नामपेन्ह, एजेंसी

कंबोडिया में परंपरागत नववर्ष की छुट्टियों के दौरान 13 से 16 अप्रैल के बीच सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। बुधवार को यहां राष्ट्रीय पुलिस रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटनाओं में 88 अन्य घायल भी हुए हैं । चार दिनों की छुट्टियों के दौरान कुल 64 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। अधिकतर दुर्घटनाएं तेज गति , लापरवाही और नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई।

कंबोडिया में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश को प्रतिवर्ष लगभग 46.6 करोड अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है।

रिपोर्ट के अनुसार 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,590 लोगों की जानें गयी है।

# मध्य इराक में हवाई हमलों में पांच आईएस आतंकवादी ढेर

**बयान**

- **इराकी आतंकवाद-रोधी सेवा के एक बल को घटनास्थल पर भेजा गया और वहां से पांच आईएस आतंकवादियों के शव, हथियार, मोबाइल फोन इत्यादि मिले...**

बगदाद,एजेंसी

मध्य इराक में हवाई हमलों में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के पांच आतंकवादी मारे गए।



इराकी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्ट के आधार पर इराकी युद्धक विमानों ने सलाहुद्दीन प्रांत के पूर्वी हिस्से में आईएस के ठिकानों पर दो हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि इराकी आतंकवाद-रोधी सेवा के एक बल को घटनास्थल पर भेजा गया और वहां से पांच आईएस आतंकवादियों के शव, हथियार, मोबाइल फोन इत्यादि मिले।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि, आईएस के कुछ आतंकवादी शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में घुस गए हैं और सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार हमले कर रहे हैं।

# बोलीविया में सड़क हादसा, पांच की मौत, 35 घायल

**ला पाज़,एजेंसी।** पूर्वी बोलीविया में एक बस के राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 मीटर से अधिक गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मंगलवार को घटित हुयी। आपातकालीन विभाग और पुलिस कर्मियों को सांता क्रूज विभाग, क्वीन शहर में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। बस संचालित करने वाली परिवहन कंपनी के अनुसार, बस सोमवार को अपराह्न में दक्षिण-पश्चिम में पोटोसी विभाग से सांता क्रूज क्रूज डे ला सिएरा शहर के लिए रवाना हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पष्ट रूप से दृश्यता की कमी के कारण, मातरल शहर से पांच किलोमीटर दूर क्वीन के पास बस एक खड्ड में गिर गई, हालांकि इस संभावना की भी जांच की जा रही है कि चालक को नींद तो नहीं आयी थी।

# इज़रायल पर सभी मोर्चों के बावजूद आईडीएफ के मानवीय प्रयास जारी

**IDF के मुताबिक**

- **पिछले दो दिनों में, 553 सहायता ट्रक पूरी तरह से सुरक्षा जांच के बाद केरेम शालोम और नित्ज़ाना क्रॉसिंग से गुज़रे।**
- **126 ट्रकों को स्थानांतरित करने के मानवीय प्रयास जारी**

गाजा, एजेंसी

इजरायल सुरक्षा बल (आईडीएफ) के उत्तरी गाजा क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वयक (सीओजीएटी) के माध्यम से दो और बेकरियां खोलना, बानी सुहेला जल पाइपलाइन पर काम करना और 126 ट्रकों को स्थानांतरित करने के मानवीय प्रयास जारी है।

आईडीएफ, क्षेत्रों में सीओजीएटी के माध्यम से, गाजा के निवासियों के लिए खाद्य आपूर्ति और मानवीय सहायता ले जाने वाले सैकड़ों ट्रकों के दैनिक मार्ग को सक्षम करने के प्रयास को जारी रखे हुए है। आईडीएफ के अनुसार, पिछले दो दिनों में, 553 सहायता ट्रक पूरी तरह से सुरक्षा जांच के बाद केरेम शालोम और नित्ज़ाना क्रॉसिंग से गुज़रे। इसके अतिरिक्त सोमवार लगभग 56 खाद्य पैकेज पूरे गाजा पट्टी में वितरण बिंदुओं पर गिराए गए।

आईडीएफ ने इसके अलावा, उत्तर में सहायता मार्गों को बढ़ाने के हिस्से के रूप में, कल रात दक्षिणी से उत्तरी गाजा पट्टी तक 126 ट्रकों का समन्वय किया गया। इसके अतिरिक्त, केरेम शालोम क्रॉसिंग पर सुरक्षा बलों द्वारा कठोर सुरक्षा निरीक्षण के बाद, आईडीएफ सैनिकों के साथ कई ट्रक, उत्तरी क्रॉसिंग के माध्यम से प्रवेश किए। इसके साथ-साथ, खान यूनिस क्षेत्र में बानी सुहैला जल पाइपलाइन की मरम्मत पर काम जारी रहा। आने वाले दिनों में पानी की पाइपलाइन खुलने की उम्मीद है और इससे क्षेत्र के लगभग 400,000 लोगों को पानी की आपूर्ति बढ़ जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग से, गाजा के लिए समन्वय और संपर्क प्रशासन उत्तरी गाजा पट्टी में गाजा शहर में दो अतिरिक्त विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) बेकरी खोलने की तैयारी कर रहा है। इसलिए, बेकरी की गतिविधियों को खोलने और उनके निरंतर संचालन को सक्षम करने के लिए, कल रात एक ईंधन ट्रक और आटा ट्रकों का समन्वय किया गया।

गाजा पट्टी के उत्तर में स्थित ये बेकरियां स्ट्रिप के उत्तर में कल खुलने वाली पहली डब्ल्यूएफपी बेकरी में शामिल हो जाएंगी, जिसकी दैनिक उत्पादन क्षमता लगभग 650,000 पीटा ब्रेड है। उत्तर की बेकरियां दक्षिणी और मध्य गाजा पट्टी में खोली गई 23 बेकरियों में शामिल हो गई हैं, जो 20 लाख से अधिक निवासियों को प्रतिदिन पीटा ब्रेड प्रदान करती हैं।

हालाँकि, क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वयक एमजी घासन अलियान के नेतृत्व में इन मानवीय प्रयासों के बावजूद, हाल के दिनों में सीमा पार करने वाले अधिकारियों द्वारा कठोर सुरक्षा निरीक्षण से गुजरने के बाद 450 से अधिक मानवीय सहायता ट्रकों की सामग्री केरेम शालोम क्रॉसिंग के फिलिस्तीनी हिस्से पर बनी हुई है।

गाजा के निवासियों को वितरण के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा सहायता एकत्र किए जाने की प्रतीक्षा की जा रही है।

# यूरोपीय संघ ईरान पर प्रतिबंधों का विस्तार करने की बना रहा योजना



ब्रुसेल्स, एजेंसी

कुछ सदस्य देशों के प्रस्ताव के बाद यूरोपीय संघ (ईयू) ईरान के खिलाफ अपने प्रतिबंधों को बढ़ाने पर काम शुरू करेगा। यूरोपीय संघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

विदेशी मामलों और सुरक्षा नीति के लिए यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की एक आपातकालीन वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद एक प्रेस बैठक में कहा, "मैं प्रतिबंधों से संबंधित आवश्यक कार्य शुरू करने के लिए बाहरी कार्रवाई सेवा को अनुरोध भेजूंगा।"

बोरेल ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आग्रह करते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने का भी आह्वान किया।

एक अप्रैल को सीरिया में ईरानी दूतावास के कांसुलर अनुभाग पर हमले में इजरायल द्वारा दो वरिष्ठ कमांडरों सहित सात ईरानियों की हत्या के जवाब में ईरान ने शनिवार देर रात लगभग 350 ड्रोन और मिसाइलें प्रक्षेपित की थी।

**मीडिया** | हमले से सिडनी की सड़कों पर दंगे भड़क उठे थे, जिसमें कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे

# 'सिडनी चर्च पर चाकूबाजी को आतंकवादी कृत्य करार दिया'

**निंदनीय**

- **ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने चर्च में चाकूबाजी के हमले को 'परेशान करने वाली घटना' करार दिया**

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस के आयुक्त रीस केरशॉ ने मंगलवार को कहा कि सिडनी में सोमवार को असीरियन ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुई चाकूबाजी को संभावित धार्मिक उद्देश्यों से आतंकवादी कृत्य करार दिया।

सिडनी में कल एक चर्च में सेवा के दौरान असीरियन ऑर्थोडॉक्स बिशप मार मारी इमैनुएल पर चाकू से एक व्यक्ति ने हमला किया। पुलिस ने कहा कि हमले में बिशप और चार अन्य घायल हो गए तथा कथित अपराधी को हिरासत में ले लिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया कि इस हमले से सिडनी की सड़कों पर दंगे भड़क उठे, जिसमें कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए।




ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक चर्च में प्रार्थना के दौरान एक बिशप और पादरी पर चाकू से किये गये हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है।

आयुक्त ने संवाददाताओं से कहा,"हम पुष्टि कर सकते हैं कि इस घटना को आतंकवादी हमला कृत्य माना जा रहा है और घटना को अंजाम देने वाले 16 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला अब एनएसडब्ल्यू (न्यू साउथ वेल्स) के संयुक्त आतंकवाद निरोधी टीम द्वारा जांच के अधीन है।" न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया, "हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया" उन्होंने कहा, "वे खुशकिस्मत हैं कि वे जिंदा बच गये।"

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने चर्च में चाकूबाजी के हमले को 'परेशान करने वाली घटना' करार दिया। उन्होंने कहा,"हमारे समुदाय में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। हिंसक उग्रवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक शांतिप्रिय राष्ट्र हैं। यह एकजुट होने का समय है, एक समुदाय और एक देश के रूप में विभाजित होने का नहीं।"

गौरतलब है कि चर्च में चाकूबाजी ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में केवल तीन दिनों में दूसरा सशस्त्र हमला था। पिछले शनिवार को सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में 40 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई नागरिक जोएल कॉची द्वारा चाकू से किए गए हमले में छह लोग मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि मारे गए लोगों में से पांच और घायलों में से अधिकांश महिलाएं थीं।

# एंड्रियानोफ द्वीप समूह, अलेउतियन द्वीप समूह में भूकंप के तेज झटके

**बीजिंग, एजेंसी।** एंड्रियानोफ द्वीप समूह, अलेउतियन द्वीप समूह में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार बुधवार को तड़के 01.48 बजे महसूस किए गए भूकंप के झटकों की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गयी। भूकंप का केंद्र, 10.0 किलोमीटर की गहराई में 53.92 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 172.67 डिग्री पश्चिमी देशांतर में था।



# जी7 देश इजरायल, ईरान हमले पर करेंगे चर्चा

रोम,एजेंसी




जी7 देशों ने इजरायल पर ईरान के हमले के बाद आगे की कार्रवाइयों के समन्वय पर रविवार को चर्चा करेंगे। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जी7 देशों ने दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष पर रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा और समन्वय करेंगे।

गौरतलब है कि एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में शनिवार रात ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने इजरायल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। हमले में दो जनरल सहित आईआरजीसी के सात सदस्यों की मौत हो गई। तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रविवार को दो इजरायली अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि ईरान ने 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें लॉन्च कीं। इजरायली मीडिया ने बताया कि इजरायल ने ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत ड्रोन और मिसाइलों को क्षेत्र में गिरने से रोक लिया है और एक निर्णायक प्रतिक्रिया की तैयारी कर रहा है।

# 'ईरान के हमले में इजरायली सेना के एक ठिकाने पर हल्की क्षति, अनेक प्रक्षेपास्त्र रास्ते में ही मार गिराए गए'

नयी दिल्ली/तेल अवीव,एजेंसी

इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि ईरान की ओर से उनके देश पर हमलें में दक्षिणी इजरायल के एक सैन्य ठिकाने पर बुनियादी ढांचे को हल्की क्षति हुई है जमीन से जमीन पर वार करने वाले दर्जनों ईरानी प्रक्षेपास्त्रों को बीच में ही नष्ट कर दिया गया।

आईडीएफ ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने पृष्ठ पर एक बयान में कहा कि उन्होंने ईरान से छोड़े गए प्रक्षेपास्त्रों को पहचान लिया था और उनमें से अधिकतर को अपनी हवाई प्रतिरक्षा प्रणाली को इजरायल की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही नष्ट कर दिया।

बयान में कहा गया है कि इसमें इजरायल के ऐरो वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग किया गया तथा इस काम में इजरायल के रणनीतिक सहयोगियों ने भी मदद की।

बयान में कहा गया है कि ईरान के कुछ प्रक्षेपास्त्र इजरायल में कुछ जगहों पर पर जरूर गिरे हैं। इनमें से दक्षिण इजायल में सेना का एक ठिकाना भी है जहां अवसंरचनात्मक सुविधाओं को कुछ हल्की क्षति पहुंची है।



बयान में कहा गया है कि ईरान ने कई आक्रामक विमानों तथा क्रूज प्रक्षेपास्त्रों का भी इस्तेमाल किया और बचाव की कार्रवाई में आईडीएफ ने दर्जनों लड़ाकू विमानों को शामिल किया है।

आईडीएफ ने कहा है कि उसने इजरायल की सीमाओं की रक्षा के लिए सभी मार्चों पर तैयारी कर रखी है।

**• अमेरिका ईरान के साथ संघर्ष नहीं चाहता, इजरायल की रक्षा का समर्थन करेगा**

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सेनाओं के साथ-साथ इज़रायल की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। हालांकि इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि वाशिंगटन ईरान के साथ संघर्ष नहीं करना चाहता है। ऑस्टिन ने एक बयान में कहा, "हम ईरान और उसके प्रतिनिधियों द्वारा किए गए इन लापरवाह और अभूतपूर्व हमलों की निंदा करते हैं और हम ईरान से अपने प्रॉक्सी बलों सहित किसी भी अन्य हमले को तुरंत रोकने और तनाव कम करने का आह्वान करते हैं।

## ईरान ने इज़रायल पर हमले के लिए 185 ड्रोन, 146 मिसाइलें दागी

**यरूशलम,एजेंसी।** ईरान ने इजरायल पर 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी हैं। जिनमें इराक और यमन भी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो इजरायली अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शनिवार की रात एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में इज़रायल पर एक बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला किया। इज़रायली हमले एक इमारत को नष्ट हो गयी और दो जनरलों सहित आईआरजीसी के सात सदस्य मारे गये थे। इसके बाद तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया था। इजरायली मीडिया ने रविवार को बताया कि इज़रायल ने ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत ड्रोन और मिसाइलों को रोक लिया है।

## फ्रांस, ब्रिटेन ने इजरायल पर ईरानी हमले की निंदा की



पेरिस, एजेंसी

फ्रांस और ब्रिटेन ने रविवार को इजरायल पर ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों की निंदा की और यहूदी राज्य के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की।

फ्रांस के विदेश मंत्री स्टीफन सेजॉर्न ने सोशल मीडिया पर कहा, "फ्रांस ईरान द्वारा इजरायल के खिलाफ शुरू किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है।"

सेजॉर्न ने बड़े पैमाने पर हमले को एक अभूतपूर्व और अस्थिर करने वाला कदम बताया, जिससे सैन्य तनाव बढ़ने का खतरा है।

उन्होंने कहा, "फ्रांस इजरायल की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है और उसे अपनी एकजुटता का भरोसा देता है।"

ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने सेजॉर्न की निंदा के शब्दों और इज़रायल के साथ-साथ जॉर्डन, इराक और क्षेत्र के अन्य भागीदारों की सुरक्षा के लिए खड़े होने की प्रतिज्ञा को दोहराया।

सुनक ने कहा, "मैं इजरायल के खिलाफ ईरानी शासन के लापरवाह हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। ईरान ने एक बार फिर दिखाया है कि वह अपने ही घर में अराजकता फैलाने का इरादा रखता है।"

उन्होंने कहा, "अपने सहयोगियों के साथ, हम स्थिति को स्थिर करने और आगे बढ़ने से रोकने के लिए तत्काल काम कर रहे हैं। कोई भी अधिक रक्तपात नहीं देखना चाहता।"

मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मिस्र भी मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से चिंतित है और अधिकतम संयम बरतने का आह्वान करता है।

## संरा सुरक्षा परिषद ने इज़रायल के अनुरोध पर आपातकालीन बैठक बुलाई

**संयुक्त राष्ट्र,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद इजरायल के अनुरोध के पर रविवार को बैठक करने जा रही है। संरा ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इजरायल ने शनिवार को परिषद से उसके खिलाफ ईरान के हमले की निंदा करने और ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने के लिए आह्वान किया है। संरा के वैश्विक संचार विभाग ने शनिवार देर रात बताया कि बैठक स्थानीय समय के अनुसार शाम 4 बजे निर्धारित है। संरा में इज़राइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने शनिवार को परिषद के अध्यक्ष को एक पत्र में औपचारिक रूप से इस आपातकालीन सत्र का अनुरोध किया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने मध्य पूर्व में हाल के घटनाक्रमों पर गहरी चिंता व्यक्त की, जिसमें ईरान द्वारा इज़रायल के खिलाफ ड्रोन और मिसाइलों का प्रक्षेपण भी शामिल है।

## ईरान के हमले को विफल कर दिया गया: नेतन्याहू

तेल अवीव,एजेंसी



इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले को विफल कर दिया गया है साथ ही उन्होंने संयुक्त प्रयासों के माध्यम से जीत का वादा भी किया। नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "हमने दखल दी , हमने रोका, साथ मिलकर हम जीतेंगे।" ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शनिवार की रात एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में इजरायल पर एक बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला किया। हमले में एक इमारत नष्ट हो गयी और दो जनरलों सहित आईआरजीसी के सात सदस्य मारे गये थे। इसके बाद तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने रविवार को दो इजरायली अधिकारियों के हवाले से खबर दी कि ईरान ने 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें लॉन्च कीं। इजरायली मीडिया ने बताया कि इज़रायल ने ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत ड्रोन और मिसाइलों को रोक लिया है और एक निर्णायक प्रतिक्रिया की तैयारी कर रहा है।

**सिलवर जुबली | स्थायी समिति के सदस्य झाओ लेजी ने इस सप्ताह परमाणु-सशस्त्र सम्पन्न उत्तर कोरिया का किया दौरा**

# चीन-उ. कोरिया ने की परस्पर संबंधों के नए अध्याय की सराहना

सोल,एजेंसी

उत्तर कोरिया और चीन ने आपसी संबंधों के एक नए अध्याय की सराहना की है।

गौरतलब है कि चीन के तीसरे सर्वोच्च पद के अधिकारी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की शक्तिशाली माने जाने वाली स्थायी समिति के सदस्य झाओ लेजी ने इस सप्ताह परमाणु-सशस्त्र सम्पन्न उत्तर कोरिया का दौरा किया था। यह दौरा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने मौके पर हुआ था।

चीन ,उत्तर कोरिया का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक हितैषी और राजनयिक सहयोगी है, जो उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की सरकार पर उसके बढ़ते हथियार परीक्षणों के जवाब में कड़े प्रतिबंध लगाने के अमेरिकी प्रयासों में रूस के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बाधा डाल रहा है।



चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार झाओ ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में 'चीन-डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया फ्रेंडशिप के वर्ष' के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के बाद शनिवार को किम जोंग से मुलाकात की। शिन्हुआ के अनुसार, उत्तर, कोरिया के आधिकारिक नाम का इस्तेमाल करते हुए झाओ ने किम जोंग से कहा कि चीन डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के साथ विकास संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए इच्छुक है।

झाओ ने किम जोंग से कहा कि चीन नए परिणाम प्राप्त करने के लिए द्विपक्षीय लाभप्रद सहयोग को व्यावहारिक एवं पारस्परिक रूप से बढ़ावा देने, मजबूत पारस्परिक समर्थन जारी रखने और दोनों पक्षों के सामान्य हितों की रक्षा करने के लिए इच्छुक है। वहीं, किम जोंग ने कहा कि पारंपरिक मित्रता को गहरा करें और डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया-चीन संबंधों में एक नया अध्याय लिखें।

शिन्हुआ द्वारा प्रकाशित एक तस्वीर में झाओ और किम जोंग मुस्कुराते और हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। झाओ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग के बाद झाओ चीन के तीसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले अधिकारी हैं।

उत्तर कोरिया के आधिकारिक कोरियाई के अनुसार,झाओ ने शुक्रवार को उद्घाटन समारोह में चीन-डीपीआरके दोस्ती का एक नया अध्याय खोलने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस समारोह में उन्होंने उत्तर कोरियाई समकक्ष चो रयोंग हे के साथ भाग लिया।

## अफगानिस्तान से लगी पाक सीमा के पास गोलीबारी में 11 की मौत

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** अफगानिस्तान से लगी पाकिस्तानी सीमा के पास रात भर हुए दो अलग-अलग हमलों में बंदूकधारियों ने कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। पाकिस्तानी मीडिया ने यह जानकारी दी। जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों हमले बलूचिस्तान के नुश्की जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए। क्वेटा से ताफ्तान जा रही एक बस में से बंदूक की नोक पर नौ मजदूरों का अपहरण कर लिया गया। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया जिसमें पता चला कि उनके शरीर गोलियों से छलनी किए गए थे। सभी पीड़ित पाकिस्तानी प्रांत पंजाब के रहने वाले हैं। एक अन्य घटना में, एक दर्जन से अधिक बंदूकधारियों ने नुश्की शहर से एक मील से भी कम दूरी पर एन40 राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया।

# मिस्र ने इजरायल और ईरान से संयम बरतने का किया आग्रह

**संबोधन**

- **विदेश मंत्री समेह शौकरी ने रविवार को ईरान और इजरायल के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग फोन पर बातचीत की...**

काहिरा,एजेंसी



मिस्र ने इजरायल पर ईरान के हमले के बाद दोनों से देशों से अत्यधिक संयम बरतने तथा क्षेत्रीय तनाव और अस्थिरता को बढ़ाने वाली नीतियों से दूर रहने का आग्रह किया है।

मिस्र के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार विदेश मंत्री समेह शौकरी ने रविवार को ईरान और इजरायल के विदेश मंत्रियों के साथ अलग-अलग फोन पर बातचीत की। उन्होंने दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सैन्य वृद्धि के लिए गहरी चिंता व्यक्त की।

शौकरी ने अपने ईरानी और इजरायली समकक्षों से कहा कि मिस्र मौजूदा संकट को कम करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ सहयोग में अपने प्रयासों को तेज करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष एक गंभीर मोड़ ले रहा है और गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष सहित पूरे क्षेत्र में कई वृद्धि के साथ मेल खा रहा है।

इस बीच शौकरी और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए कार्रवाई पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

शौकरी ने फोन पर बातचीत के दौरान संकट से निपटने और इसे नियंत्रण से बाहर होने से रोकने के लिए ईरानी और इजरायली पक्षों के साथ गहन संचार के के बारे में ब्लिंकन को जानकारी दी।

सीरिया में एक अप्रैल को ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के घातक हमले के जवाब में ईरान और उसके सहयोगियों ने शनिवार देर रात इजरायल पर समन्वित ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इजरायली हमले में दो कमांडरों सहित सात ईरानी मारे गए थे।

- **इजरायल दे सकता है ईरानी हमले का जवाब**

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल ईरान की ओर से बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के खिलाफ सोमवार को जवाबी कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी समाचार पत्र द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों के अधिकारियों का हवाले से यह जानकारी दी है।

इजरायल रक्षा बल( आईडीएफ) के मुताबिक गत शनिवार की रात ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजरायली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं। यह हमला 01 अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में किया गया था।

# बर्न्स ने तुर्की से इजरायल, ईरान के बीच मध्यस्थ बनने को कहा

अंकारा, एजेंसी

अमेरिका की केंद्रीय खुफिया इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक विलियम बर्न्स ने तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन के निदेशक इब्राहिम कलिन से फोन पर बात की और उनसे इजरायल तथा ईरान के बीच संघर्ष में मध्यस्थ के रूप में कार्य करने के लिए कहा। तुर्की मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। टीआरटी हैबर ब्रॉडकास्टर ने रविवार को बताया कि सर्वकलिन और बर्न्स ने गाजा युद्धविराम वार्ता पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बैठक के बाद कलिन ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के आंकड़ों के अनुसार शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे



हमले में इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं। यह हमला एक अप्रैल को सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में हुआ था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया था।

# इजरायल पर ईरान के हमले पर चर्चा के लिए इटली जी7 नेताओं के साथ करेगा बैठक

रोम,एजेंसी



इटली ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए हमले के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए जी-7 के नेताओं के साथ आभासी माध्यम से बैठक करेगा। इटली की सरकार की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गयी। इटली के चिगी पैलेस ने एक्स पर कहा, "इटली ने इजरायल के खिलाफ ईरान के हमले पर चर्चा करने के लिए आज अपराह्न आभासी माध्यम से जी7 के नेताओं की एक बैठक बुलाई है।" इससे पहले दिन में इटली विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने इतालवी प्रसारक राय2 को बताया कि वह पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा करने के लिए सोमवार को सभी अरब और मुस्लिम राजदूतों को बुलाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह मंगलवार और बुधवार को अपने अमेरिकी और कनाडाई समकक्षों से मुलाकात करेंगे, जिसके बाद इस मुद्दे पर जी7 बैठक होगी, जहां विदेश मंत्री पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के उद्देश्य से कई पहल का प्रस्ताव रखेंगे। उन्होंने कहा,"हमें उम्मीद है कि इजरायल ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करेगा, जो ईरान की किसी अन्य प्रतिक्रिया की ओर ले जाए।"

इजरायल की सेना के अनुसार शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजरायली क्षेत्र पर पहला सीधा हमला किया और इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं। यह हमला एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इज़रायल के हवाई हमले के जवाब में हुआ था। इज़रायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया था, जिसमें सभी हमलावर ड्रोन भी शामिल थे।

# अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत

काबुल,एजेंसी



अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में पिछले तीन दिनों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए।राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को यह जानकारी दी।काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से लगभग आधे में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हो रहा है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है।सैक ने कहा, "परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए।"

अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और 75 किलोमीटर लंबी सड़कें भी नष्ट कर दी हैं। इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है।

उन्होंने कहा कि सहायता एजेंसियों ने अधिकारियों के सहयोग से 22,851 बाढ़ प्रभावित परिवारों को मानवीय सहायता प्रदान की है और प्रभावित क्षेत्रों में सहायता की आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है।

# पापुआ न्यू गिनी के किम्बे में भूकंप के झटके

न्यूयॉर्क,एजेंसी

पापुआ न्यू गिनी में 109 किमी पूर्वी दक्षिण पूर्वी क्षेत्र किम्बे में भूकंप के झटके महसूस किए गए है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि रविवार को 20:56:29 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.5 मापी गयी है।

भूकंप का केंद्र,5.85 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.08 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 64.7 किमी की गहराई पर निर्धारित था।




**जानकारी** | **हमले में पांच महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित कई अन्य हुए थे घायल ...**

# सिडनी चाकू हमले के संदिग्ध की पुलिस ने की पहचान

**बयान**

- **वह महिलाओं को निशाना बना रहा था न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त करेन वेब ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि यह 'जांच का एक स्पष्ट दायरा' होगा।**

सिडनी,एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली है।

बीबीसी के मुताबिक जोएल कॉची (40) ने शनिवार को भीड़भाड़ वाले वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन परिसर में उस समय दहशत फैला दी, जब उसने चाकू से लोगों पर वार करना शुरू कर दिया। इस हमले में पांच महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि हमला संभवतः कॉची के 'मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित' था।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह मानती हैं कि वह महिलाओं को निशाना बना रहा था न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त करेन वेब ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि यह 'जांच का एक स्पष्ट दायरा' होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि वह छुरा घोंपने की घटना को 'आतंकवादी कृत्य' नहीं कहेंगी। उन्होंने दोहराया कि पुलिस का मानना है कि 'कोई वैचारिक प्रेरणा नहीं थी।'




कॉची को पहले से ही पुलिस जानती थी लेकिन उनके गृह राज्य क्वींसलैंड में उसे कभी गिरफ्तार नहीं किया गया या उस पर आरोप नहीं लगाया गया। क्वींसलैंड पुलिस ने कहा कि वह कई वर्षों तक भ्रमणशील रहा और 17 साल की उम्र में पहली बार मानसिक बीमारी का पता चला।

क्वींसलैंड पुलिस के माध्यम से जारी एक बयान में, उसके परिवार ने उसके कार्यों को 'भयानक' बताया और कहा कि उसे 'किशोरावस्था से ही' मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। कॉची परिवार ने कहा, "सिडनी में कल हुई दर्दनाक घटनाओं से हम पूरी तरह से तबाह हो गए हैं।"

उन्होंने कहा, "हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उन लोगों के परिवारों और दोस्तों के साथ हैं जिनका इस समय भी इलाज चल रहा है। कॉची की हरकतें सचमुच भयावह थीं और हम अभी भी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ है।"

उन्होंने कहा कि वे पुलिस के संपर्क में हैं और कॉची को गोली मारने वाले अधिकारी के साथ उन्हें 'कोई समस्या नहीं' है।

इस बीच प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई लोग जो कुछ हुआ उसके 'सदमे और आघात से निपटने के लिए जाग रहे हैं।'

हमले को 'अकथनीय और वास्तव में समझ से परे' बताते हुए, श्री अल्बानीज ने एक अकेली वरिष्ठ पुलिसकर्मी के कार्यों की फिर से प्रशंसा की, जिसने कॉची का सामना किया और उसे गोली मार दी, जिससे मॉल में दहशत फैल गई।

प्रधानमंत्री ने उन्हें और आपातकालीन टीमों को धन्यवाद देते हुए कहा, "अद्भुत इंस्पेक्टर एमी स्कॉट खुद के लिए जोखिम के बारे में सोचे बिना उन्होंने दूसरों के लिए खतरा दूर कर दिया।वह हीरो हैं। "

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)